**आकाशवाणी शिमला**
**14.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– नीति निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से और मज़बूत होगा विकसित भारत यात्रा का दृष्टिकोण।
- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शोंगटोंग–कड़छम जल विद्युत परियोजना के निर्माण कार्य में तेज़ी लाने के दिए निर्देश।
- डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित– संविधान निर्माण में उनके योगदान को किया गया याद।
- सरकाघाट युवती हत्या मामले में सरकार व विपक्ष आमने–सामने, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल।
- हिमाचल दिवस कल– रिकांगपिओ में होगा राज्य स्तरीय समारोह।

## नारी शक्ति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं के नीति–निर्माण और निर्णय लेने में सक्रिय भागीदारी से वर्ष 2047 तक विकसित भारत की यात्रा का दृष्टिकोण और मजबूत होगा। भारत की नारी शक्ति को लिखे पत्र में नरेंद्र मोदी ने कहा कि 16 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए दोबारा संसद का सत्र शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने सदन में इस विधेयक के पारित होने की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देशभर की महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का एक अनूठा अवसर मिलने पर खुशी व्यक्त कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विधेयक के पारित होने के बाद 2029 के लोकसभा चुनाव और विभिन्न विधानसभा चुनावों में महिलाओं की भागीदारी के बढ़ने से देश का लोकतंत्र और अधिक मजबूत व जीवंत होगा।

## कड़छम–वांगतू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज किन्नौर ज़िले में सतलुज नदी पर बन रही 4 सौ 50 मैगावॉट क्षमता की शोंगटोंग–कड़छम जल विद्युत परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्माण कार्य में तेज़ी लाने और पहले चरण का कार्य अगले वर्ष जनवरी तक पूरा करने के निर्देश दिए। इस बीच मुख्यमंत्री ने टापरी में स्थापित विश्व की पहली भू–तापीय ऊर्जा संचालित सेब कोल्ड स्टोरेज और फल सुखाने की संयुक्त इकाई का निरीक्षण भी किया। बाद में सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल्पा में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल व खेल छात्रावास के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्कूल भवन के लिए लोक निर्माण विभाग को 10 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्कूल परिसर में ही बालिका आश्रम के लिए चिन्हित भूमि पर भवन निर्माण के लिए भी 2 करोड़ रूपये जारी करने की घोषणा की। उन्होंने पूर्व सैनिकों की मांग पर रिकांगपिओ में सैनिक विश्राम गृह भवन के लिए 2 करोड़ रूपये जारी करने का ऐलान भी किया।

## आंबेडकर जयंती

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आज प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। डॉक्टर आंबेडकर का जन्म आज ही के दिन 1891 में मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। राज्य स्तरीय समारोह शिमला के अंबेदकर चौक पर हुआ, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित अन्य

गणमान्य लोगों ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर आंबेडकर ने सारी उम्र गरीबों, वंचितों और आरक्षित वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया। इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बचपन से ही डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा और संविधान में उन्होंने समाज के हर वर्ग को समानता का अधिकार दिया है।

**शहरी स्वास्थ्य प्रणाली**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के बालूगंज में एक करोड़ 56 लाख रूपये से स्थापित विशेष शहरी स्वास्थ्य प्रणाली मेट्रोपॉलिटन सर्विलांस यूनिट का लोकार्पण किया। ये यूनिट आधुनिक तकनीक से लैस है और इसके माध्यम से आपदा या रोग प्रकोप के दौरान स्थिति का विश्लेषण करने में मदद मिलेगी मुख्यमंत्री ने बताया कि इस यूनिट की स्थापना से शिमला संक्रामक रोगों की समय पर पहचान, रोकथाम और नियंत्रण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हिमाचल देश का पहला व एकमात्र पर्वतीय राज्य है, जहां ये यूनिट स्थापित की गई है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए हैं और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। उन्होंने सरकाघाट में युवती हत्या मामले पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे अदालत के माध्यम से कड़ी सज़ा दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में कहा कि ये घटना सभी के लिए शर्मसार करने वाली है और मामले की गंभीरता को देखते हुए संवेदनशीलता के साथ जांच की जा रही है। उन्होंने महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को राज्य सरकार की प्राथमिकता बताया। दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि पिछले 3 वर्षों में प्रदेश में आपराधिक मामले बढ़े हैं और सरकार इन्हें रोकने में नाकाम रही है।

**हिमाचल दिवस**

कल हिमाचल दिवस है। 15 अप्रैल 1948 को 30 छोटी–बड़ी रियासतों को मिलाकर हिमाचल प्रदेश का गठन किया गया था। राज्य स्तरीय समारोह कल किन्नौर ज़िला मुख्यालय रिकांगपिओ में होगा, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगे। ज़िला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर होने वाले ज़िला स्तरीय समारोह में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। अन्य ज़िला मुख्यालयों पर भी हिमाचल दिवस को लेकर ज़िला स्तरीय समारोह आयोजित किए जाएंगे, जहां राज्य सरकार के मंत्री ध्वजारोहण करेंगे।

**अग्निशमन**

आज राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस है। ये दिन वर्ष 1944 में तत्कालीन बंबई बंदरगाह पर फोर्ट स्टिकेन जहाज में भीषण अग्निकांड में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। आज से ही अग्निशमन सेवा सप्ताह शुरू हो गया है। नाहन में गृह रक्षा कमांडेंट टी.आर.शर्मा ने अग्निशमन सप्ताह का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान लोगों को अग्निकांड की घटनाओं से बचाव के बारे में जागरूक किया जाएगा।

**बैसाखी**

बैसाखी का पर्व आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज ही के दिन वर्ष 1699 में सिक्खों के 10वें गुरू श्री गुरू गोविंद सिंह जी ने खालसा पंत की स्थापना की थी। प्रदेश के गुरूद्वारों में बैसाखी पर्व व खालसा सृजन दिवस की धूम रही। इस दौरान गुरबाणी कीर्तन से लोगों को खालसा सृजन दिवस के बारे में जागरूक किया गया।

**सहकारी बैंक**

शिमला ज़िले के जुब्बल व सरस्वती नगर में राज्य सहकारी बैंक की 2 नई शाखाएं खुल गई हैं। बैंक के अध्यक्ष देविन्द्र श्याम ने आज इनका लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इन शाखाओं में अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं। इस मौके पर बैंक के निदेशक संजय शर्मा और एच.के. हिमराल भी मौजूद रहे।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– नीति निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से और मज़बूत होगा विकसित भारत यात्रा का दृष्टिकोण।
- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शोंगटोंग–कड़छम जल विद्युत परियोजना के निर्माण कार्य में तेज़ी लाने के दिए निर्देश।
- डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित– संविधान निर्माण में उनके योगदान को किया गया याद।
- सरकाघाट युवती हत्या मामले में सरकार व विपक्ष आमने–सामने, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल।
- हिमाचल दिवस कल– रिकांगपिओ में होगा राज्य स्तरीय समारोह।

---